राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री मिश्र से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 22 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष श्री आतिफ रसीद ने मुलाकात की। इस दौरान आयोग के सचिव श्री बी. आनन्द एवं निदेशक अरूमुगन धनलक्ष्मी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

———

क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को राज्यपाल ने किया नमन

जयपुर, 22 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महान क्रांतिकारी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को उनके शहादत दिवस (23 मार्च) पर श्रद्धापूर्वक नमन किया है।

उन्होंने कहा कि करोड़ों भारतवासियों के मन में स्वाधीनता की लौ को और तेज करने वाले इन अमर बलिदानियों की गौरव गाथा को कृतज्ञ राष्ट्र सदैव स्मरण रखेगा।

———